# मुख्यमंत्री ने नैनीताल को दी 96.71 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को जनपद नैनीताल को 96 करोड़ 71 लाख रुपये की 13 विकास योजनाओं की सौगात दी। जिसमें 67 करोड़ लागत की 6 योजनाओं का लोकार्पण एवं 29.71 करोड़ की 7 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा भीमताल क्षेत्र के विकास हेतु अनेक घोषणा की गई, जिसमें भीमताल में सैनिकों एवं व्यापारियों हेतु एक बहुउद्देश्यीय भवन का निर्माण, भीमेश्वर मंदिर एवं ओखलकांडा पशुपतिनाथ मंदिर को मंदिर माला मिशन में जोड़े जाने, रामगढ़ ब्लॉक के ओढ़ाखांन से मुक्तेश्वर मोटर मार्ग, जीप मार्ग का मिलान, रामगढ़ उप तहसील का शीघ्र संचालन किये जाने के साथ क्षेत्र में प्राधिकरण की समस्या के समाधान हेतु उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर समस्या का समाधान किया जाना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां की सुंदर झील, चारों ओर फैली हरियाली, पर्वतों की अद्भुत श्रृंखला और प्रकृति की अनुपम छटा हमें केवल आनंद का अनुभव ही नहीं कराती, बल्कि हमें ये भी याद दिलाती है कि प्रकृति



और पर्यावरण ही हमारा वर्तमान भी है और भविष्य भी है। इसलिए इस प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज का दिन केवल पौधे लगाने या औपचारिक कार्यक्रमों को करने का ही नहीं है, बल्कि आज का दिन आत्मचिंतन करने का भी दिन है। आज का दिन स्वयं से ये पूछने का अवसर है कि हम अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को कैसी धरती, कैसा पर्यावरण और कैसा भविष्य सौंपकर जाना चाहते हैं, क्या हम उन्हें स्वच्छ नदियां, हरे-भरे जंगल और शुद्ध वातावरण देंगे, या फिर प्रदूषण, जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों से भरा भविष्य देकर जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड का पर्यावरण कैसा हो ये हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। क्योंकि अच्छा पर्यावरण न केवल हमारी पहचान है बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन का आधार भी है। उन्होंने कहा कि हम उस पवित्र भूमि के निवासी हैं जहाँ से माँ गंगा और यमुना जैसी जीवनदायिनी नदियाँ निकलती हैं। जहाँ हिमालय केवल पर्वत नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता का प्रहरी है और हम उस संस्कृति के वाहक हैं जिसने हजारों वर्षों पहले ही प्रकृति को पूजनीय माना और पूरी दुनिया को प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का संदेश दिया।

## हाईकोर्ट के आदेश पर कब्र से निकाला शव, हल्द्वानी भेजा

काशीपुर। प्रेम प्रसंग से जुड़े एक नाबालिग की संदिग्ध मौत के मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को शव को कब्र से बाहर निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया गया। हत्या और आत्महत्या के बीच सच्चाई सामने लाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। कटोराताल नई बस्ती निवासी 17 वर्षीय मुरसलीन उर्फ अनस 16 मई की रात करीब 10 बजे घर से लापता हो गया था।

अगले दिन 17 मई की सुबह उसका शव घर की तीसरी मंजिल पर बनी एक कोठरी में लोहे के पाइप से लटका मिला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद उसी शाम मानपुर रोड स्थित नौगजा कब्रिस्तान में शव को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया था।

## गोलू मार्केट में बने पिंक टायलेट को जल्द शुरू करें

बागेश्वर। नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। तय किया गया कि गोलू मार्केट में बने पिंक टायलेट को जल्दी शुरू किया जाएगा, ताकि महिलाओं को किसी तरह की



दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा बैजनाथ और टीट बाजार में दो नए सामुदायिक शौचालय बनाए जाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा ने स्टाफ और पर्यावरण मित्रों को समन्वय के साथ काम करने को कहा। बैइक में वार्ड सभासदों नेनियमित स्वच्छता की मांग की। राम मंदिर वार्ड के सभासद अंकित जोशी ने कहा कि पर्यावरण मित्र अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाए तो स्वच्छता और कूड़े की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। सभासद अनीता देवी ने कहां की प्रति दिन एरिया बदल कर बैजनाथ में नियमित स्वच्छता की जाए। बैजनाथ तिराहे पर शौचालय बना है नगर पंचायत को हैंड ओवर भी हुआ, लेकिन उपयोग में नहीं आया है। ईओ धीरज कांडपाल ने कहा कि गरुड़ नगर पंचायत आदर्श स्थिति में तब आएगा जब नगर पंचायत को समुचित बजट मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति पर हत्या का आरोप

अल्मोड़ा। सल्ट विकासखंड की खुमाड़ ग्रामसभा में एक 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों ने उसके पति पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद आरोपी पति फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात घटना की सूचना मिलने पर सल्ट थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को रानीखेत से क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं तहसीलदार आबिद अली की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई पूरी कराई गई। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में महिला की मौत मारपीट के कारण होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद आरोपी पति घर से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पत्नी की हत्या में जेल में बंद अधिवक्ता का मामला दूसरी पीठ सुनेगी

नैनीताल। दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे अधिवक्ता के मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने अधिवक्ता को अंतरिम राहत न देते हुए मामले को सुनवाई के लिए दूसरी पीठ को भेज दिया। अब मामले की सुनवाई दूसरी पीठ करेगी। अभियुक्त मनीष अरोड़ा अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में जेल में बंद है। नैनीताल के जिला सत्र न्यायाधीश ने उसे 2019 में आजीवन कारावास की सजा सुनवाई थी। उस पर यह भी आरोप है कि जब मृतक को बीडी पांडे जिला अस्पताल लाया गया था, तो अभियुक्त द्वारा बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को नैनीताल से हरिद्वार ले जाया गया।जबकि यह पूरा पुलिस केस था। पत्नी की मौत अप्राकृतिक तरीके से हुई थी। अस्पताल से ले जाते वक्त अभियुक्त द्वारा डिस्चार्ज स्लिप तक नहीं ली गई। जबरदस्ती शव को अस्पताल से उठाया गया। वहीं, उसकी तरफ से कहा गया कि वह 2019 से जेल में बंद है। अभी तक उसे अग्रिम जमानत तक नहीं मिली है। उसके बूढ़े माता–पिता हैं। कोर्ट ने उसे कोई राहत न देते हुए मामला सुनवाई के लिए दूसरी पीठ को भेज दिया है।

### मझोग जंगल में चार बकरों को गुलदार ने बनाया निवाला

विकासनगर। त्यूणी क्षेत्र में चकराता वन प्रभाग के अंतर्गत देवघार रेंज की मझोग वीट में गुलदार के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। गुरुवार को गुलदार ने दो पशुपालकों के चार बकरों को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद पीड़ित पशुपालकों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। बताया गया है कि रायगी निवासी कृपाल सिंह और छुमरा निवासी अनिल अपनी बकरियों को चराने के लिए मझोग वीट के जंगल क्षेत्र में ले गए थे। शाम को जब चार बकरे घर वापस नहीं पहुंचे तो पशुपालकों ने उनकी तलाश शुरू की। करीब साढ़े सात बजे दलटूनाड जंगल क्षेत्र की झाड़ियों में चारों बकरे मृत मिले। घटना की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वन विभाग को दी गई। सूचना पर वन वीट अधिकारी बलबीर चौहान मौके पर पहुंचे और निरीक्षण के बाद बताया कि चारों बकरों को गुलदार ने मारा है। उन्होंने कहा कि मामले की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि एक मादा गुलदार अपने शावकों के साथ पिछले कई दिनों से क्षेत्र में घूम रही है, जिससे रायगी, शेडिया, छुमरा, भगवत, भाटगढ़ी, पटाला और मझोग क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है।

### कार्बन फुट प्रिंट को लेकर पीएम को भेजी चिट्ठी

देहरादून। हेस्को संस्थापक पर्यावरणविद् पद्मभूषण डॉ.अनिल जोशी ने कार्बन फुट प्रिंट पर जिम्मेदारी तय करने को लेकर विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र भेजा है। उन्होंने पर्यावरण के मद्देनजर पैकेजिंग उत्पाद पर कार्बन फुट प्रिंट दर्ज करने की मांग की है। पत्र में लिखा कि यह विषय पिछले दिनों नई दिल्ली में इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्टस में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुखता से उठाया गया था।डॉ.अनिल जोशी ने बताया कि इंडियन नेशनल साइंस अकादमी–आईएनएस अध्यक्ष डॉ.शेखर मांडे, इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स के निदेशक डॉ.सच्चिदानंद जोशी, आईआईटी दिल्ली और अन्य प्रमुख संस्थानों के प्रमुखों की मौजूदगी में इस बैठक में कार्बन फुट प्रिंट को लेकर कई बातें रखी गई थी। जिसमें यह प्रमुख था कि आम उपयोगी की अनेक वस्तुओं के बारे में आम जनमानस को यह पता ही नहीं रहता कि जिसे वे उपयोग में ला रहे हैं उसके कार्बन फुट प्रिंट कितने हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में यह कहा है कि हर व्यवसायिक उत्पाद जो बाजार में बिकने को आता है उस पर कार्बन फुट प्रिंट भी अंकित होना चाहिए।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर आयुर्वेद विभाग का 'हरित योग' अभियान

## योग, प्रकृति और स्वास्थ्य का हुआ अद्भुत संगम

बागेश्वर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयुर्वेद विभाग बागेश्वर द्वारा जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. निष्ठा शर्मा कोहली के नेतृत्व में 'हरित योग' कार्यक्रम का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले नीलेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने स्वास्थ्य संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को एक साथ जन–जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आदि देव भगवान धन्वन्तरि के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत से ही परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। 'हरित योग' कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को योग के महत्व से अवगत कराया गया तथा सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। योग विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि व्यक्ति को प्रकृति के प्रति संवेदनशील और



जिम्मेदार भी बनाता है। योग सत्र में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मंदिर परिसर में किया गया वृक्षारोपण रहा। पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और उपस्थित जनसमूह को उनके संरक्षण का भी संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।

योग सत्र के उपरांत आयोजित विशेष गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति आधारित जीवन शैली तथा नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर ही मानव जीवन को स्वस्थ, संतुलित और समृद्ध बनाया जा सकता है। साथ ही युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध वृक्ष प्रेमी किशन मलडा की गरिमामयी उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि योग और पर्यावरण संरक्षण को एक मंच पर लाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन बागेश्वर योग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. एजल पटेल द्वारा किया गया। उनके सफल संचालन ने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित और प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह 'हरित योग' कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता का सशक्त माध्यम बना, बल्कि समाज को यह संदेश भी दे गया कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण और जागरूक नागरिकता ही एक समृद्ध एवं सुरक्षित भविष्य की वास्तविक पहचान है।

## मुख्यमंत्री की प्राथमिकता बना कार्लीगाड़ पुनर्वास

देहरादून। मुख्यमंत्री धामी, द्वारा कार्लीगाड़ क्षेत्र के पुनर्वास एवं राहत कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के क्रम में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा आपदाग्रस्त क्षेत्र कार्लीगाड़, सहस्त्रधारा में युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में आपदा प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, तथा मलबा निष्पादन के उद्देश्य से मशीनरी, मैनपॉवर एवं अन्य संसाधनों में व्यापक वृद्धि की गई है।आपदा प्रभावित परिवारों की सुरक्षा एवं पुनर्वास कार्य मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए राहत, पुनर्वास एवं संरक्षण संबंधी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रशासन द्वारा क्षेत्र की निरंतर निगरानी की जा रही है तथा प्रत्येक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके और भविष्य में इस प्रकार की आपदाओं से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के अनुरूप विगत दिवस जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक, मसूरी विधानसभा क्षेत्र के साथ कार्लीगाड़ क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर पुनर्वास एवं मलबा हटाने के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित विभागों को कार्यों में और अधिक तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## एलटी शिक्षकों को पदोन्नति में टीईटी अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए

विकासनगर। राजकीय शिक्षक संघ ने साल 2011 तक नियुक्त एलटी शिक्षकों की पदोन्नति में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता को लेकर शासन से समाधान निकालने की मांग की है। शिक्षकों का कहना है कि टीईटी व्यवस्था उत्तराखंड में वर्ष 2011 से लागू हुई थी। इससे पूर्व नियुक्त एलटी शिक्षकों की नियुक्ति के समय टीईटी की कोई अनिवार्यता नहीं थी। ऐसे में वर्षों बाद नई शर्तों को लागू कर पदोन्नति से जोड़ना निष्पक्षता और संवैधानिक अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं माना जा सकता। राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष कुलदीप कंडारी ने कहा कि एक आदेश में 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की पदोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है, जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के मानक के विपरीत है। नियुक्ति के समय शिक्षक की जो योग्यता अनिवार्य थी, उसे शिक्षक पूरी कराता है।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते स्वरोजगार मॉडल का स्थलीय मूल्यांकन



देहरादून। मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन आनन्द बर्द्धन द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखंड चम्बा अंतर्गत विभिन्न आजीविका एवं स्वरोजगार संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह भ्रमण केवल परियोजनाओं की समीक्षा तक सीमित न रहकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उभरते आत्मनिर्भरता के मॉडल को समझने और उसे और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा गया। मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिए गए कि रीप एवं अन्य आजीविका संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत संचालित सभी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाते हुए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को प्राथमिकता दी जाए, मिनी फिश प्रोसेसिंग यूनिट सहित सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता मानकों का पालन करें एवं स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं बाजार विस्तार को सुदृढ़ कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। ग्राम दिखोलगांव में रीप (ग्रामोत्थान) परियोजना एवं आईएफएडी के सहयोग से संचालित ह्नहिमालयन भोजनालयह्न फूड कार्ट के निरीक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद स्थापित किया गया। महिलाओं द्वारा स्थानीय व्यंजनों के निर्माण, विपणन व्यवस्था एवं दैनिक आय से जुड़े अनुभव साझा किए गए।

## अतिक्रमण के नाम पर उत्पीड़न का विरोध, लघु व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिद्वार। नगर निगम प्रशासन द्वारा रेहड़ी–पटरी एवं लघु व्यापारियों को उनके व्यवसायिक स्थलों से हटाए जाने का विरोध किया है। लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में व्यापारियों ने तुलसी चौक से नगर आयुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर नगर आयुक्त नंदन कुमार को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को व्यापारियों ने नगर निगम द्वारा विकसित तीन वेंडिंग जोन ललतारौ पुल, चंडी चौक मार्ग, भगत सिंह चौक सेक्टर–2 बैरियर तथा पुल जटवाड़ा में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और पूर्व निर्धारित कियोस्क के आगे छह फुट अतिरिक्त भूमि के उपयोग के लिए स्पष्ट सीमा रेखा तय करने की मांग उठाई। संजय चोपड़ा ने कहा कि उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति के अनुसार वेंडिंग जोन में छह फुट अतिरिक्त भूमि के उपयोग की अनुमति है। उन्होंने ललतारौ पुल खोखा–पटरी यूनियन के व्यापारियों के पुनर्वास के लिए प्रशासनिक समिति गठित करने की मांग भी उठाई।

## प्लाट बेचने की डील कर 8.35 लाख रुपये हड़पने में चार पर केस

देहरादून। जमीन बेचने में धोखाधड़ी कर चार आरोपियों ने 8.35 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ितों ने अपनी जमीन पर बाउंड्रीवाल कराई तो दूसरे पक्ष ने उसे यह कहकर तोड़ दिया कि जमीन उनकी है। बसंत विहार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ बसंत विहार शैंकी कुमार ने बताया कि कालिका विहार फेज–दो, बंजारावाला निवासी मनोज सिंह रावत ने तहरीर दी। बताया कि वर्ष 2022 में अटल थपलियाल निवासी पट्टियोंवाला, विपिन शर्मा और दलीप बिष्ट ने उन्हें और उनके जेठू ताजबर सिंह को हरीश कुमार का एक प्लॉट दिखाया था। यह 115 गज जमीन ईस्ट होप टाउन में थी। आरोपियों ने 8.35 लाख रुपये लेकर ताजबर सिंह के नाम पर वर्ष 2022 में जमीन का बैनामा करा दिया।

## मस्जिद सीलिंग के विरोध में कलेक्ट्रेट कूच करने से रोका

देहरादून। मुस्लिम सेवा संगठन ने मसूरी– देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के स्तर से थानो जामा मस्जिद को सील किए जाने की कार्रवाई का विरोध किया। शुक्रवार को कई लोग गांधी रोड स्थित पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। लेकिन पुलिस ने सभी को बेरीकेडिंग लगाकर डीएम कर्यालय कूच करने से रोक दिया। दोनों पक्षा में नोकझोंक हुई। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांगों से अवगत करवाया गया। संगठन ने कहा कि मस्जिद केवल इबादत का स्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक सहयोग, नैतिक शिक्षा और भाईचारे का केंद्र भी रही है। ऐसे में इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और कई सवाल खड़े हुए हैं। संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी और उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी ने कहा कि यदि किसी प्रकार का प्रशासनिक, तकनीकी या भूमि संबंधी विवाद था तो उसका समाधान संवाद, नोटिस और वैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी धार्मिक स्थल के संबंध में कठोर कार्रवाई अंतिम विकल्प होनी चाहिए। संगठन ने मांग की कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच कराई जाए और सभी पक्षों को सुनकर न्यायपूर्ण समाधान निकाला जाए। इस दौरान कुछ लोग तिरंगा लेकर पहुंचे थे।

# मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

नई टिहरी। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन टिहरी गढ़वाल के बौराड़ी क्षेत्र में स्थित राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र ढुंगीधार, श्रीदेव सुमन पुस्तकालय एवं बौराड़ी स्टेडियम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं मूलभूत सुविधाओं का सतत अनुश्रवण कर आवश्यक सुधार समयबद्ध रूप से किए जाएं, श्रीदेव सुमन पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, अभिलेखों एवं पांडुलिपियों का समुचित संरक्षण करते हुए अध्ययन हेतु बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएं तथा बौराड़ी स्टेडियम एवं प्रस्तावित खेल सुविधाओं के निर्माण कार्यों को



गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ी केन्द्र ढुंगीधार में बच्चों की संख्या, उपलब्ध खेल सामग्री तथा बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे खाद्य एवं पोषण पदार्थों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण किट वितरित की तथा केन्द्र में बच्चों का वजन भी माप करवाया। उन्होंने एएनएम एवं आशा कार्यकर्त्रियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा बच्चों के घरों तक पहुंचकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण सुनिश्चित करें। इसके उपरांत मुख्य सचिव ने राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना, बच्चों के लिए उपलब्ध फर्नीचर, उपस्थिति पंजिका एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दी गई जानकारी पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। मुख्य सचिव ने श्रीदेव सुमन पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश के बाद जलभराव बना लोगों की समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जनपद मुख्यालय में शुक्रवार को दो घंटे झमाझम बारिश हुई। क्षेत्र में हो रही लगातार हो रही बारिश के चलते सामान्य जनजीवन प्रभावित होने लगा है। शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न होने लगी है। शुक्रवार को बारिश के कारण कई स्थानों पर पानी जमा हो गया, जिस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की समस्या गंभीर होती जा रही है। डीएम कार्यालय के समीप, लोअर बाजार, माल रोड, छतरीधार सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सड़कों और आसपास के इलाकों में पानी भर गया है, जिससे स्थानीय निवासियों और व्यापारियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। बारिश के दौरान जल निकासी की व्यवस्था प्रभावित होने के कारण कई जगहों पर पानी लंबे समय तक जमा रह रहा है। इससे पैदल चलने वालों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक हेमंत कुमार ने बताया कि बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पालिका प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नालों की नियमित सफाई के लिए नाला गैंग टीम बनाई गई है। जिसमें आठ कार्मिक को तैनात किया गया है। ये टीमें शहर के विभिन्न हिस्सों में लगातार सफाई कार्य कर रही हैं, ताकि बारिश के पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके।

### यात्रियों को पिलाया शीतल पेय

श्रीनगर गढ़वाल : चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुविधा व सेवा के उद्देश्य से रोटरी क्लब द्वारा ट्रॉपिकल आइसक्रीम के सहयोग से बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग दो हजार यात्रियों को शीतल पेय वितरित किया गया। यात्रियों ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य यात्रा को अधिक सुगम व सुखद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी गिरीश पैन्यूली, कोषाध्यक्ष मनीष कोठियाल, कार्यक्रम संयोजक संजय जैन, बृजेश भट्ट, आदि उपस्थित रहे।

### जॉब कार्ड के लिए नया खाता खोलना जरूरी

श्रीनगर गढ़वाल : नव गठित ग्राम पंचायत सेमी ग्वाड़ में नए जॉब कार्ड बनाने के लिए ग्रामीणों को नए खाते खोलने पड़ेंगे। पालिका में शामिल होने से पूर्व गठित ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के जॉब कार्ड से जुड़े बैंक खातों को पोर्टल नहीं ले पा रहा है जिससे ग्रामीणों को अब नए खाते खुलवाने पड़ रहे हैं। वर्तमान में विकासखंड की ओर से ग्रामीणों के जॉब कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी ने बताया कि गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों के खाते खोले जाएंगे जिससे ग्रामीणों को असुविधा न हो।

### भीमबली-गरुड़चट्टी-केदारनाथ पैदल मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित

रुद्रप्रयाग : जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भीमबली-गरुड़चट्टी-केदारनाथ निर्माणाधीन पैदल मार्ग पर तीर्थयात्रियों एवं आमजन के आवागमन को तत्काल प्रभाव से पूर्णतः प्रतिबंधित करने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में पुलिस विभाग, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता, डीडीएमए गुप्तकाशी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित निर्माणाधीन पैदल मार्ग पर वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा मार्ग अभी पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं उपयोग योग्य स्थिति में नहीं है। निर्माण कार्य के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार पत्थर गिरने, ढलानों के खिसकने तथा अन्य प्राकृतिक जोखिम बने हुए हैं, जिससे किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में यात्रियों को उक्त मार्ग से गुजरने की अनुमति देना उनकी सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम उत्पन्न कर सकता है। (एजेंसी)

### मारपीट मामले में सीओ ने दर्ज किए बयान

रुद्रप्रयाग : चंद्रापुरी-स्यालसौड़ पुलिस बैरियर पर जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्रता और मारपीट के मामले की जांच अंतिम चरण में है। जांच अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक विकास पुंडीर ने शुक्रवार को कई लोगों के बयान दर्ज किए। इससे पहले सात लोगों के बयान लिए जा चुके हैं। आज 6 जून को रिपोर्ट सौंपे जाने की संभावना है।

तीन दिन पूर्व स्यालसौड़ बैरियर पर तैनात एक उपनिरीक्षक पर यूकेडी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. आशुतोष भंडारी, प्रधान संगठन अगस्त्यमुनि ब्लॉक के अध्यक्ष मनोज वैष्णव और ऋतिक नौटियाल के साथ मारपीट और अभद्रता का आरोप लगा था। घटना के बाद स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने विरोध जताते हुए संबंधित पुलिसकर्मी के निलंबन की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संबंधित उपनिरीक्षक को तैनाती स्थल से हटा दिया गया है। वहीं घटना की जांच पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग विकास पुंडीर को सौंपी गई है। सीओ पुंडीर ने बताया कि मामले से जुड़े लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। सभी पक्षों के बयान लेने के बाद जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंप दी जाएगी। इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

### पहाड़ी से गिरे पत्थर, घोड़ा संचालक की मौत

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा मार्ग पर शुक्रवार दोपहर को चीरबासा हेलिपैड के समीप पहाड़ी से अचानक पत्थर गिरने से एक घोड़ा संचालक की मौत हो गई जबकि एक यात्री घायल हो गया। घटना के बाद यात्रा मार्ग पर अफरातफरी का माहौल रहा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार 2:54 बजे चीरबासा हेलिपैड के निकट पहाड़ी से पत्थर गिरने लगे। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सूचना पर पुलिस, डीडीआरएफ, वाईएमएफ और आपदा मित्रों की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पत्थर की चपेट में आने से बड़ासू निवासी घोड़ा संचालक देवेश सिंह (23) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि राजस्थान निवासी यात्री विष्णु घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए गौरीकुंड स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। उन्होंने बताया कि घायल का इलाज चल रहा है। (एजेंसी)

# एआईएटीएफ के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने किए बाबा के दर्शन



श्री सिद्धबली मंदिर में पूजा-अर्चना करते मनिंदरजीत सिंह बिट्टा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार पहुंचे अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा (एआईएटीएफ) के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने सिद्धबली धाम पहुंचकर बाबा सिद्धबली के दर्शन किए। कहा कि उन्हें बाबा के दर्शन कर मन की शांति प्राप्त हुई है। उन्होंने पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

शुक्रवार को मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने बाबा के दर पर माथा टेका। बाबा का आशीर्वाद लिया और देशवासियों की कुशलता के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद बिट्टा ने श्री सिद्धबली मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों से भेंट की। मंदिर समिति ने मनिंदरजीत सिंह बिट्टा का स्वागत किया।

उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। मनिंदरजीत सिंह बिट्टा को आतंकवाद विरोधी सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है। वर्तमान में वह शहीद सैनिकों और आतंकवादी हमलों के पीड़ित परिवारों की मदद में जुटे हुए हैं।

### स्वास्थ्य शिविर का 52 लोगों ने उठाया लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांडा के दियोड़ में टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के 52 ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान विनीता ध्यानी व चिकित्साधिकारी डा. सुरभि यादव ने किया। शिविर में आए लोगों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। तत्पश्चात चिकित्सकों ने शिविर में आए लोगों का छाती का एक्स-रे, ब्लड शुगर, रक्तचाप की जांच की गई। साथ ही जरूरतमंदों को दवाइयां भी वितरित की गई। चिकित्सकों ने लोगों से क्षय रोग से बचाव करने की सलाह दी। साथ ही खानपान पर भी विशेष ध्यान दिए जाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर महेंद्र सिंह रावत, अंकित बड़थ्वाल, प्रीतम पंवार, आशा, कविता, राम सिंह, गंगा देवी, आशा, कविता, राम सिंह, धनपाल मौजूद रहे।

## बारिश की फुहारों से मिली राहत

### जल भराव ने खोली सफाई व्यवस्था की पोल



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी और उमस के बीच शुक्रवार को हुई बारिश ने शहरवासियों को बड़ी राहत दी। मौसम में आए बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने लंबे समय बाद ठंडी हवाओं का आनंद लिया। हालांकि, हल्की बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए।पिछले सप्ताह से क्षेत्र में गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा था। दो दिन पूर्व तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो गया था। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम हो गई थी और लोग घरों में रहने को मजबूर थे। उमस के कारण हालात और भी चुनौतीपूर्ण बने हुए थे। शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादल छाने के बाद बूंदाबांदी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में तेज बारिश में बदल गई। करीब आधे घंटे तक हुई वर्षा ने वातावरण को पूरी तरह बदल दिया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुहावने मौसम का आनंद लेने के लिए कई लोग आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों की ओर भी निकल पड़े। दूसरी ओर, बारिश ने नगर क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था की कमियों को भी उजागर कर दिया। देवी रोड समेत कई इलाकों में पानी जमा होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अभी यह स्थिति है तो मानसून के दौरान जलभराव की समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। नागरिकों ने नगर निगम से नालों और जल निकासी तंत्र की समय रहते प्रभावी सफाई कराने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## ओलावृष्टि से सेब के पेड़ो को नुकसान, मुआवजे की मांग



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** पिछले चार-पांच दिनों से पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। थलीसैंण ब्लॉक के ग्राम कोटा सोबरा में तेज ओलावृष्टि से किसान की सेब के पेड़ खराब हो गये है। किसान ने प्रशासन और उद्यान विभाग से उचित मुआवजा और सहायता देने की मांग की है। बुधवार को हुई तेज ओलावृष्टि से सब्जियों, मिर्च और मोटे अनाज की फसलें प्रभावित हुईं। विकासखंड के ग्राम कोटा सोबरा निवासी किसान विनोद ढौंडियाल को सबसे अधिक नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने स्वरोजगार के तहत करीब 30 नाली भूमि पर 1500 फलदार सेब के पौधे लगाए थे। ओलावृष्टि से बचाव के लिए लगाए गए सुरक्षा जाल पर भारी मात्रा में ओले जमा हो गए, जिससे वजन बढ़ने से कई लोहे के खंभे झुक गए। जाल पेड़ों पर गिर पड़ा, जिससे बड़ी संख्या में सेब के पेड़ टूट गए और फसल बर्बाद हो गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सेब की अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। उन्होंने प्रशासन और उद्यान विभाग से नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा और सहायता प्रदान करने की मांग की है।

## पोस्टर प्रतियोगिता से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने के साथ ही फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

विद्यालय की यूथ क्लब, ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) तथा यूसर्क विज्ञान चेतना केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विद्यालय स्थित अमृत उद्यान वाटिका की साफ-सफाई की और फलदार पौधे लगाकर हरित वातावरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल प्रकोष्ठ, पौड़ी के कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसकी शुरुआत वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, जल एवं विद्युत संरक्षण, स्वच्छ पर्यावरण तथा जंगलों को वनाग्नि से सुरक्षित रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक संदेश प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आदर्श, आदित्य, अर्नव, समय, रोहन, मयंक चौहान, शुभम, नमन, हर्षित, अभिलाषा, अमृता, गुंजन, सानिया और सोनाक्षी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यालय परिवार ने पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया।




आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

## राजकीय महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ. पीतांबरदत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. डी.एस. नेगी द्वारा पौधारोपण कर किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) डी.एस. नेगी ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राखी डिमरी, डॉ. रश्मि बहुखंडी, डॉ. दयाकिशन जोशी, डॉ. संदीप किमोठी तथा बी.एड. (स्ववित्तपोषित) विभागाध्यक्ष डॉ. हरीश कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर अरविन्द दुदपुड़ी ने जानकारी देते हुये बताया कि सभी प्रतिभागियों ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



### आकृति ने राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग में जीता स्वर्ण पदक

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित चौथी नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में श्रीनगर की बेटी आकृति कंडारी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। 29 मई से दो जून तक आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबलों के बीच आकृति कंडारी ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। स्वर्ण पदक मुकाबले में उन्होंने केरल की खिलाड़ी को पराजित किया। आकृति की इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों ने उनकी खुशी जताई व उन्हें शुभकामनाएं दीं। आकृति जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी की पुत्री हैं। वह इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुकी हैं। उनके भाई आर्यन कंडारी भी आर्म रेसलिंग के खिलाड़ी हैं और राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं।

### शिक्षा मंत्री ने पुस्तक का किया विमोचन

श्रीनगर गढ़वाल : मेडिकल कॉलेज श्रीकोट के सभागार में जनपद गढ़वाल: भूगोल से गौरव तक पुस्तक का शिक्षा मंत्री ने विमोचन किया। पुस्तक के संपादक डॉ. प्रमोद नौडियाल ने बताया कि यह पुस्तक संस्थान के प्राचार्य स्वराज सिंह तोमर के मार्ग दर्शन में तैयार की गई है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम कृषिका सिंह (KRISHIKA SINGH) है। ेरी पुत्री कृषिका सिंह (KRISHIKA SINGH) के सुकन्या बचत खाता संख्या- 4612234242 में मेरी पुत्री का नाम ईशान्वी भिन्न दर्ज हो गया है, जो स्वयं मेरी एकमात्र पुत्री के ही अलग-अलग नाम दर्ज हो गये हैं। उक्त दोनों नामों की मेरी अलग-अलग पुत्रियां नहीं है। मेरी पुत्री के समस्त सरकारी/गैर सरकारी अभिलेखों में मेरी पुत्री का सही नाम कृषिका सिंह (KRISHIKA SINGH) पढ़ा व लिखा जाय।

**कुलदीप सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह**
**निवासी वार्ड नं0 07,**
**काशीरामपुर, नजीबाबाद रोड,**
**पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार,**
**जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0531/21)

### गुप्तखाल की ट्रैकिंग कर सकुशल लौटा पहला दल

चमोली : गुप्तखाल ट्रैकिंग मार्ग पर इस वर्ष का पहला ट्रैकिंग दल सफलतापूर्वक अभियान पूरा कर सकुशल लौट आया है। सात सदस्यीय यह दल 26 मई को सीमांत गांव गमशाली से ट्रैकिंग के लिए रवाना हुआ था। समुद्र तल से 5,807 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुप्तखाल देश के सबसे दुर्गम ट्रैकिंग रूटों में माना जाता है। दस दिनों तक चले इस चुनौतीपूर्ण अभियान के दौरान दल ने बर्फ से ढके कठिन रास्तों और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए सफलता पूर्वक ट्रैक पूरा किया। दल के गाइड सोबन सिंह मार्तोलिया ने बताया कि गुप्तखाल ट्रैक अपनी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण साहसिक गतिविधियों के शौकीनों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इस दल में दिल्ली, पंजाब, कोलकाता और महाराष्ट्र से आए ट्रैकिंग प्रेमी शामिल थे। उन्होंने बताया कि दल ने गमशाली से आगे बढ़ते हुए माणा पास क्षेत्र के बर्फीले मार्गों को पार किया और निर्धारित रूट पूरा कर सुरक्षित रूप से ज्योतिर्मठ पहुंच गया। अभियान की सफलता से क्षेत्र में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। (एजेंसी)

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, पौध रोपण और स्वच्छता अभियानों में जुटे लोग



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रभर में विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और वन विभाग की ओर से पौध रोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाए गए। इस दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों के संवर्धन और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने पौधा रोपण करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कहा कि भविष्य को बचाने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक पौधा रोपण के लिए जागरूक किया। वहीं, पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने खोह नदी तट पर पौध रोपण के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि नदी किनारों पर बढ़ते भू-कटाव को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण आवश्यक है। अभियान के तहत पीपल, नीम, शीशम, बांस, आम, अमरूद और कचनार सहित 30 पौधे लगाए गए। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति में भी एक नीम का पौधा रोपा गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे। हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर, जानकीनगर में भी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए। इस अवसर पर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व तथा वृक्षों की उपयोगिता की जानकारी दी गई।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0 व ई0पी0एफ0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 25.06.2026 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 24.06.2026 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 14/2026–27 | रू0 500/– | बलभद्रपुर अनुभाग के अन्तर्गत जलनिगम फीडर में कंडक्टर के स्थान पर एटी एबी केबिल से बदलने का कार्य। | 27000.00 |
| 15/2026–27 | रू0 500/– | बलभद्रपुर अनुभाग के अन्तर्गत सब स्टेशन फीडर में कंडक्टर के स्थान पर एटी एबी केबिल से बदलने का कार्य। | 24000.00 |
| 16/2026–27 | रू0 250/– | वि0वि0 उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत मवाकोट नलकूप एवं कण्वाश्रम नलकूप हेतु लाइन निर्माण का कार्य। | 10000.00 |
| 17/2026–27 | रू0 100/– | वि0वि0 उपखण्ड तृतीय, जयहरीखाल के अन्तर्गत लाइन शिफ्टिंग का कार्य। | 5000.00 |

पत्रांक : 1451/विविखको/टी–6
दिनांक : 05.06.2026

**अधिशासी अभियन्ता,**
**विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार**

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## सीतापुर पार्किंग प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

रुद्रप्रयाग : सीतापुर पार्किंग के संचालन को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब केदार धाम होटल ओनर्स एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर पार्किंग प्रबंधन की कार्यप्रणाली, कथित अवैध वसूली और यात्रियों को हो रही परेशानियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। संगठन ने पार्किंग प्रबंधक भारत भूषण पर प्रशासन को भ्रामक जानकारी देने का भी आरोप लगाया है। एसोसिएशन का कहना है कि पार्किंग में अव्यवस्थाओं और यात्रियों को ठकराकर कथित अवैध वसूली के विरोध में हाल ही में रैली निकाली गई थी। आरोप है कि इसके बाद पार्किंग प्रबंधक ने पर्यटन सचिव और जिलाधिकारी को भेजे पत्र में संगठन के अध्यक्ष धर्मेश नौटियाल, सचिव मनोज सेमवाल सहित अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।संगठन का कहना है कि रैली शांतिपूर्ण थी और कानून का उल्लंघन नहीं किया गया था। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि जिस दिन की घटना का उल्लेख शिकायत में किया गया है, उस दिन अध्यक्ष धर्मेश नौटियाल का पैर फ्रैक्चर था और वह रैली में शामिल नहीं थे। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। (एजेंसी)

# मनुष्य का जीवन और पर्यावरण का रिश्ता अटूट

## भाषण प्रतियोगिता में कुसुम रही पहले स्थान पर

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकास क्षेत्र पौड़ी के पराज इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस पौड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुसुम, द्वितीय स्थान आरुषि एवं तृतीय स्थान साक्षी राणा ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पराज इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. वी.पी. बालोदी ने पर्यावरण के प्रति युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज हम सब यहां एक बहुत ही महत्वपूर्ण और विचारणीय विषय पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए हैं। हर वर्ष 5 जून को पूरी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रकृति के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाना है। मनुष्य का जीवन और पर्यावरण का रिश्ता अटूट है। हमें सांस लेने के लिए शुद्ध हवा, पीने के लिए पानी और खाने के लिए अनाज, सब कुछ प्रकृति से ही मिलता है। लेकिन आज




विडंबना यह है कि आधुनिकता और विकास की दौड़ में हमने अपनी इस जीवनदायिनी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचाया है। अंधाधुंध कटाई, बढ़ता प्रदूषण और प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौतियां बन चुके हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम का चक्र बिगड़ रहा है। यदि हमने अब भी प्रकृति को बचाने के लिए कदम नहीं उठाए, तो हमारा आने वाला भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें बड़े-बड़े आंदोलनों के साथ-साथ अपने दैनिक जीवन में भी छोटे-छोटे बदलाव करने होंगे। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, पानी बचाना चाहिए और सिंगल-यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करना चाहिए। प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है, अब समय आ गया है कि हम भी उसे अपना योगदान वापस लौटाएं। अपने पर्यावरण की रक्षा करेंगे और इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा-भरा और रहने योग्य बनाएंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी नितिन चौहान, संजना, शीतल मंमगाई, अक्षिता अग्रवाल, अक्षत खुगशाल, प्रियंका असवाल, सलोनी, साक्षी आदि उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे विभिन्न प्रजातियों के पौधे



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में विभिन्न फलदार और छायादार प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। नमामि गंगे द्वारा निर्धारित थीम ह्वप्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिएह्व के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को कम करना, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण को रोकना है। नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक रावत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत व्यक्तिगत स्तर से होती है, जैसे हर वर्ष कम से कम एक पेड़ लगाना, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करना आदि।

## एक नजर

### सीओ गुप्तकाशी को सौंपी घटना की जांच

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ मंदिर परिसर में निकासी गेट पर श्रद्धालुओं पर कार्रवाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद घटना की जांच पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी को सौंपी गई है। वहीं पुलिस कर्मी को ड्यूटी प्वाइंट से हटा दिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग विकास पुंडीर ने बताया कि कुछ श्रद्धालु निकासी गेट से मंदिर परिसर में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिसकर्मियों के समझाने के बावजूद लोग उसी रास्ते से जाने का प्रयास करते रहे जिससे निकासी कर रहे श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। (एजेंसी)

### ऊखीमठ में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

रुद्रप्रयाग : बदरीनाथ से यात्रियों को लेकर सहस्त्रधारा जा रहे एक हेलिकॉप्टर को केदारघाटी में मौसम खराब होने के कारण ऊखीमठ में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हेलिकॉप्टर में 6 यात्री और एक पायलट था। मौसम साफ न होता देख हेलिकॉप्टर फाटा लौट गया और यहीं सभी यात्रियों को उतार दिया। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने कहा कि सेंडन कंपनी के हेलिकॉप्टर ने शुक्रवार दोपहर यात्रियों को लेकर बदरीनाथ से सहस्त्रधारा के लिए उड़ान भरी थी कि केदारघाटी में मौसम खराब हो गया। ऐसे में दोपहर करीब 2:25 बजे राजकीय इंटर कॉलेज ऊखीमठ के खेल मैदान में पायलट ने हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। करीब 40 मिनट रुकने के बाद भी मौसम साफ नहीं हुआ तो 3:05 बजे हेलिकॉप्टर फाटा लौट गया। पायलट ने सभी यात्रियों को फाटा में उतार दिया। (एजेंसी)

### दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति और सास अदालत से दोषमुक्त

नई टिहरी। घनसाली थाने में दर्ज दहेज उत्पीड़न मामले में नामजद पति अनिल पंवार और सास डबली देवी को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने दोषमुक्त कर दिया है। यह मामला फरवरी 2024 में दर्ज एफआईआर से संबंधित था। अभियोजन के अनुसार, वादिनी ने 10 फरवरी 2024 को तहरीर दी थी कि उसका विवाह अक्टूबर 2022 में अनिल पंवार निवासी ग्राम कुंडी थाती बूढ़ाकेदार बालंगा तहसील से हुआ था। आरोप था कि विवाह के बाद पति अनिल और सास डबली देवी द्वारा दहेज के लिए मारपीट व उत्पीड़न किया गया, जिसके चलते वह नवंबर 2023 में अपने मायके ग्राम चामी पट्टी नैलचामी लौट आई। महिला हेल्पलाइन में काउंसलिंग और समझौते के प्रयास भी हुए, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। पुलिस जांच के बाद दोनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। बचाव पक्ष ने दलील दी कि विवाह के समय दहेज की मांग नहीं हुई थी तथा गर्भ से संबंधित तथ्य को लेकर भी तर्क प्रस्तुत किए गए, जिन्हें मामले में विरोधाभासी पाया गया। सभी पक्षों को सुनने के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/अपर सिविल जज (सीडि) ऐश्वर्या बोरा की अदालत ने अनिल पंवार और डबली देवी को आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

### मुख्य सचिव के फ्लीट वाहन ने कार को मारी टक्कर

नई टिहरी। मुख्य सचिव के फ्लीट वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। वहीं एक स्कूटी चालक तेज रफ्तार फ्लीट वाहन से बचने के चक्कर में सड़क किनारे गिर गया। मौके पर लोगों ने हंगामा कर दिया और चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। मुख्य सचिव आनंद वर्धन बीती शाम को दो दिनों के टिहरी दौरे पर पहुंचे हैं। उनके साथ उनके फ्लीट वाहन भी पहुंचे हैं। देहरादून से आई पुलिस फ्लीट वाहन का चालक शुक्रवार सुबह अकेले ही नगर क्षेत्र की सड़कों पर निकल पड़ा। तेज रफ्तार वाहन ने बौराड़ी में एक कार को टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। जबकि एक स्कूटी चालक तेज रफ्तार फ्लीट वाहन से बचने के चक्कर में सड़क किनारे गिर गया। स्थानीय निवासी प्रवीन सिंह ने बताया कि वह सुबह करीब साढ़े नौ बजे बीपुरम अपनी ड्यूटी के कार से जा रहे थे। लेकिन तभी पेट्रोल पंप से ठोड़ा नीचे की ओर सामने से आ रहे तेज रफ्तार फ्लीट वाहन से बचने के लिए वह अपनी कार को सड़क के बिल्कुल किनारे ले गए।इसके बावजूद फ्लीट चालक ने उनकी कार को रगड़ मारते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया है। वहीं, स्थानीय निवासी राकेश प्रसाद उनियाल ने बताया कि वह भी बौराड़ी पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे, लेकिन तेज रफ्तार फ्लीट वाहन से बचने के चक्कर में वह सड़क किनारे गिर गए।

# प्रकृति के प्रति ईमानदारी से निभाएं अपना कर्तव्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लैंसडौन में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्या श्रीमती भगवती सिंह ने कहा कि पर्यावरण केवल हमारे जीवन का आधार नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य की नींव है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के इस दौर में हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर मिट्टी का कटाव रोका जाए, जल-संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाएं। तीलू रौतेली सदन से रौनक ने पर्यावरण दिवस के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वैष्णवी टैगोर सदन से कविता के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। रितिका शिवाजी सदन ने आओ हम पर्यावरण बचाएं नामक शीर्षक से विद्यार्थियों में जोश भरा। मणिकर्णिका सदन से खुशी ने भविष्य में पर्यावरण



में होने खतरों से कैसे बचा जा सकता है पर अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षिका दीक्षा पाण्डेय, तन्वी और रौनक द्वारा पर्यावरण गीत (पर्यावरण हमारा प्यारा) गाकर भाव पूर्ण माहौल बना दिया। कार्यक्रम में दीक्षा पाण्डेय ने छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर शिक्षिका दीप्ति गुंसाई, मीना अधिकारी, कुमुद थपलियाल, श्रीमती प्रतिमा, मेघा जदली, सुचित्रा बिष्ट, चित्रा रावत, तरुछाया अग्रवाल, भावना सती सहित छात्र सुदर्शन, आदित्या, सोनी, दीपक, इमरान, साजन, मनीषा, आयुश, अमन, सोम्य, प्रिया, सीमा, खुशी, तन्वी आदि मौजूद थे।

# भालू से भिड़ कर सरोप सिंह ने बचाई जान

श्रीनगर गढ़वाल : विधानसभा श्रीनगर क्षेत्र के पैठाणी इलाके के खंड मल्ला गांव के सरोप सिंह पर भालू ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मवेशी चराने गए 33 वर्षीय सरोप सिंह ने हमले के दौरान भालू के दोनों जबड़ों को पकड़कर अपनी जान बचाई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस अस्पताल लाया गया जहां सर्जरी विभाग की टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बृहस्पतिवार शाम सरोप सिंह रोज की तरह घर के पास मवेशियों को चराने गए थे। इसी दौरान झाड़ियों से निकलकर एक भालू ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। काफी देर तक दोनों के बीच संघर्ष चलता रहा। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हल्ला मचाया, जिसके बाद भालू जंगल की ओर भाग गया। हालांकि सरोप सिंह के हाथ और सिर पर गंभीर घाव आए हैं। ग्रामीण उन्हें तत्काल बेस अस्पताल श्रीनगर लेकर पहुंचे जहां इमरजेंसी वार्ड में उनका उपचार किया गया। बेस अस्पताल के सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. धनंजय डोभाल के नेतृत्व में उनका उपचार चल रहा है। डॉ. डोभाल ने बताया कि भालू के हमले से मरीज को कई गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार और आवश्यक सर्जिकल ट्रीटमेंट कर दिया गया है। संक्रमण और घावों की निगरानी के लिए मरीज को डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है।

# बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर सत्याग्रह आंदोलन शुरू

चमोली : महिला बेस अस्पताल सिमली की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग के लिए ग्राम प्रधान संगठन चमोली के जिलाध्यक्ष उमेश खंडूड़ी ने सिमली बाजार में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया। उमेश खंडूड़ी का कहना है कि करोड़ों की लागत से बने अस्पताल में उपचार भी नहीं मिल पा रहा है। सरकार को इस पर ध्यान देकर इसका नियमित संचालन करना चाहिए जिससे पूरे जिले को इसका लाभ मिल सके। शुक्रवार सुबह 10 बजे सिमली बाजार में जिलाध्यक्ष उमेश खंडूड़ी ने सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि विगत एक दशक पूर्व तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. एपी मैखुरी ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के दृष्टिकोण से जनपद चमोली के केंद्र बिंदु सिमली में महिला बेस अस्पताल की स्वीकृति प्रदान की थी। यहां करोड़ों की लागत से अस्पताल और विभागीय कर्मियों के लिए आवासीय भवनों का निर्माण भी हो चुका है लेकिन वर्तमान में सिमली बेस अस्पताल की दयनीय स्थिति बनी है। उन्होंने कहा कि जब तक बेस अस्पताल सिमली में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, फिजीशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ सहित एक्सरे, अल्ट्रासाउंड मशीन के तकनीशियन, पैथोलॉजी लैब, ऑपरेशन थिएटर आदि की व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया जाता ।

### अध्यक्ष और महासचिव पद पर दो-दो प्रत्याशी मैदान में

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर व्यापार सभा चुनाव के लिए व्यापारियों में उत्साह बना हुआ है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए दो-दो उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। दोनों पदों पर इस बार युवा व्यापारियों ने भी दावेदारी पेश की है। चुनाव अधिकारी दिनेश प्रसाद भट्ट ने बताया कि सभी नामांकन पत्रों की जांच और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं व चुनाव प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां की जा रही हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन पत्र वैध पाए जाने के बाद पंकज नेगी का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने व्यापारियों से मतदान में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सक्रिय सहभागिता संगठन की मजबूती को दर्शाती है। अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए मतदान 12 जून को होगा, जिसके बाद दोनों पदों के विजेताओं का फैसला होगा। (एजेंसी)

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव कुमार ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं मशीनों के रखरखाव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में स्थापित सुरक्षा एवं निगरानी प्रणालियों का गहनता से परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप डबल लॉक व्यवस्था में सुरक्षित रखी गई पाई गईं। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया। डीएम ने व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा के लिए स्थापित सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन यंत्रों तथा अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता की स्वयं जांच की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निगरानी एवं सुरक्षा उपकरणों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी तकनीकी खराबी का तत्काल निस्तारण किया जाए, ताकि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था हर समय प्रभावी बनी रहे।



# जंगल हमारी साझा धरोहर, संरक्षण में सबकी भागीदारी जरूरी : डीएम



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को गोपेश्वर स्थित घिंगराण रोड वन पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी गौरव कुमार ने ह्वएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर केदारनाथ वन प्रभाग द्वारा वनाग्नि रोकथाम एवं जनजागरूकता पर आधारित लघु फिल्म बड़ाग का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं और जीवन शैली का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 में आयोजित स्टॉकहोम सम्मेलन से भी पूर्व भारतीय सभ्यता में प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण की समृद्ध परंपरा रही है। हमारे पूर्वजों ने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को जीवन का आधार माना तथा प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर विकास की अवधारणा को अपनाया। कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन वैश्विक चुनौती बनकर उभरा है। ऐसे में प्रकृति से प्रेरणा लेते हुए विकास और पर्यावरण संरक्षण के मध्य संतुलन स्थापित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा तथा विकास की प्रत्येक गतिविधि में पर्यावरणीय सरोकारों को प्राथमिकता देनी होगी। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने कहा वन केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि यह समाज की साझा धरोहर हैं। जंगल हमें स्वच्छ वायु, जल स्त्रोतों का संरक्षण, जैव विविधता तथा आजीविका के अनेक साधन प्रदान करते हैं। इसलिए इनके संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने तथा सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि वनाग्नि से बचाव ही इसका सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, वन संरक्षक नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व पंकज कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, प्रभागीय वनाधिकारी अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग प्रियंका सुंडली, प्रभागीय वनाधिकारी बदरीनाथ-केदारनाथ वन प्रभाग सर्वेश कुमार दुबे, वन पंचायत सरपंच गोपेश्वर सुनीता भट्ट, महिला मंगल दल अध्यक्ष विजया बिष्ट आदि मौजूद थे।

### फायर वॉचर राजेंद्र को दी श्रद्धाजंलि

कार्यक्रम के दौरान जनपद चमोली में वनाग्नि नियंत्रण के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले फायर वॉचर स्वर्गीय राजेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा वन संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण योद्धाओं का सम्मान

विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के दौरान जनपद में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता, जैव विविधता संरक्षण एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में चंद्रकला बिष्ट, सुशीला सेमवाल, सुनील पुंडीर, सुनील बिष्ट, आशीष, मानश्वी पुंडीर, गंभीर बिष्ट, ललिता देवी, शशि रावत, नीरज थपलियाल, बलवंत राणा, सार्थक, प्रकाश चंद्र, सोनम, प्रियांशी पुंडीर, सगीता देवी, सुशीला देवी, दर्शन, दिव्या कंडारी, मोहित, जयप्रकाश, शुभम, अनूप, पृथ्वी नेगी, राजेंद्र, चंद्रमोहन, प्रियंका, दीपा, युवराज सिंह, अंशुल, आलोक एवं विनोद सहित अन्य पर्यावरण प्रहरी शामिल रहे।

# खंडूड़ी का जीवन राष्ट्रसेवा और अनुशासित राजनीति की मिसाल : बिट्टा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूडी को याद करते हुए अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि खंडूडी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा दायक है। कहा कि उनका व्यक्तित्व देश भक्ति, विकास और जनसेवा का अद्वितीय संगम था। उन्होंने कहा कि खंडूड़ी के योगदान को आने वाली पीढ़ियां भी याद रखेंगी।

दुर्गापुरी स्थित एक बारातघर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने स्व. खंडूड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बिट्टा ने कहा कि पहाड़ के साधारण परिवेश से निकलकर खंडूड़ी ने सेना और राजनीति दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय पहचान बनाई। केंद्र सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के रूप में उन्होंने देश



के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद खंडूड़ी ने देश के विभिन्न राज्यों और दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ने का कार्य किया। आज इन्हीं सड़कों के कारण विकास गतिविधियों के साथ-साथ सेना की रणनीतिक आवाजाही भी तेज और प्रभावी हो सकी है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि उन्होंने उनसे राष्ट्रहित, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सीख प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि सेना में सेवा के दौरान उनके पिता का अधिकांश समय देश को समर्पित रहा। 1971 के युद्ध के बाद जब वे घर लौटे तो उनके छोटे भाई ने उन्हें पहचान तक नहीं पाया था। यह सैनिक परिवारों के त्याग और संघर्ष का एक भावनात्मक उदाहरण है। ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि सैनिकों के परिवार भी देशसेवा की इस यात्रा में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हैं। युद्धकाल में परिवारों की चिंता और जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में उनकी माता सैनिक परिवारों और वीर नारियों का हौसला बढ़ाने का कार्य करती थीं। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि वे अपने पिता के आदर्शों और मूल्यों पर चलकर जनसेवा करती रहेंगी।

इस दौरान भुवन चंद्र खंडूड़ी के पुत्र मनीष खंडूड़ी ने भी उनके जीवन और कार्यों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैथोला, जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, कर्नल अजय कोठियाल, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, सुमन कोटनाला, अमित भारद्वाज, गौरव जोशी, राजेंद्र जजेड़ी, अमिताभ अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**जयन्त**

**संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कोटद्वार, (गढ़वाल) उत्तराखण्ड होगा।

CONT. 9412081969
PRGI NO. 35469/79

